तापमान
अधिकतम 43 .1 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

12 अब कुत्ते-बंदर पकड़ने का जिम्मा गोशालाओं को



13 बिजली निगम ने सूने घर का थमा दिया 56 हजार रुपये...



## खबर संक्षेप

### यूजी-पीजी व एलएलएम के कुछ पेपरों की तिथि बदली

**रोहतक।** एमडीयू ने यूजी (एनईपी) चार वर्षीय, पीजी पांच वर्षीय कार्यक्रमों के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर की कुछ परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। मुख्य डेटशीट में शामिल नहीं किए गए कुछ पेपरों को भी नई तिथियों के साथ जोड़ा है। परीक्षा नियंत्रक राहुल ऋषि ने बताया कि 'इलेक्शन लॉ', 'बिजनेस डॉक्यूमेंटेशन', 'मीडिया एंड एनवायरमेंट', 'प्रमोटिंग हेल्थ', 'एनवायरमेंटल फिजिक्स' और 'क्राइम एंड सोसायटी' सहित कई विषयों की परीक्षा तिथियां बदली गई हैं। परीक्षा समय और केंद्र पूर्ववत रहेंगे।

### महम कोर्ट के सामने भी रुकेंगी रोडवेज बसें

**महम।** हरियाणा राज्य परिवहन की बसें अब महम कोर्ट के सामने भी यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के लिए रुकेंगी। इस संबंध में रोहतक रोडवेज के महाप्रबंधक ने महम-हिसार मार्ग पर चलने वाले सभी चालक-परिचालकों को आदेश जारी किए हैं। आदेश में न्यायालय परिसर के पास बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बार एसो. महम के प्रधान एडवोकेट प्रदीप ढाका ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि बसें न रुकने से कोर्ट स्टाफ, वकीलों और मुकदमों से जुड़े लोगों को परेशानी होती थी।

### युवक से गांजा और चरस बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक युवक को गांजा और चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि उपनिरीक्षक विकास के नेतृत्व में थाना पुरानी सब्जी मंडी की टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर माता दरवाजा चौक की ओर जा रहे संदिग्ध युवक को काबू किया गया। उसकी पहचान कर्ण निवासी फतेहपुरी कॉलोनी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 232 ग्राम गांजा और 29 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महंगाई और पेयजल संकट पर प्रदर्शन आज

**रोहतक।** हरियाणा बचाओ मोर्चा ने बढ़ती महंगाई और पेयजल संकट के विरोध में 5 जून को रोष प्रदर्शन करने की घोषणा की है। मोर्चा के संयोजक मुकेश हुड्डा ने बताया कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की बढ़ती कीमतों से आम जनता प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को मानसरोवर पार्क से जिला मुख्यालय तक काली पट्टी बांधकर जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में महावीर शास्त्री, जगदीश हुड्डा, रणवीर सिंह हुड्डा, दिलबाग मलिक, सीलकराम हुड्डा, सुमेर मलिक, मुकेश सोनी, ललित प्रजापति, रामतीर्थ हुड्डा, सुरेंद्र हुड्डा, मनीषा हुड्डा आदि मौजूद थे।

## डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी के खिलाफ पार्षदों का मोर्चा, मेयर को सौंपा ज्ञापन

# मेयर ने भी माना शहर में ढंग से नहीं हो रही सफाई

### सफाई व्यवस्था चरमराने से लोगों में बढ़ रहा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर पार्षदों और आम जनता में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ऐसे में न तो कर्मचारी न पार्षद व न जनता खुश दिखाई दे रही है सिर्फ ठेकेदार खुश है।

सफाई व्यवस्था में लगातार आ रही शिकायतों को लेकर विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने कैनाल रेस्ट हाउस में मेयर राम अवतार वाल्मीकि को ज्ञापन सौंपते हुए एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पार्षदों ने मांग की कि एजेंसी को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए, उसकी सिक्योरिटी राशि जब्त की जाए तथा उसे किसी प्रकार का आगामी भुगतान न किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में वार्ड 2 से आशा लता, वार्ड 4 से रिंकू नागर, वार्ड 5 से सुरेश किराड़, वार्ड 7 से कपिल नागपाल, वार्ड 8 से अंजु सैनी, वार्ड 10 से मनीषा नांदल, वार्ड 14 से कंचन खुराना, वार्ड 15 से अनिता मिगलानी, वार्ड 16 से मुक्ता नागपाल, वार्ड 18 से बेबी रानी, वार्ड 20 से प्रवीण कौशिक, वार्ड 21 से बिजेंद्र बैरागी तथा मनोनीत पार्षद अशोक वर्मा और अनिता गर्ग शामिल रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते मेयर राम अवतार वाल्मीकि व अन्य पार्षद।

### व्यवस्था जल्द न सुधरी तो तेज किया जाएगा आंदोलन

पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि इसके बावजूद एजेंसी को भुगतान किया गया तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम अधिकारियों की होगी और उन्हें सदन के प्रति जवाबदेह होना पड़ेगा। आरोप लगाया कि एजेंसी टेंडर की शर्तों का पालन नहीं कर रही है। वार्डों में तय समय के अनुसार कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंचतीं। कई जगहों पर गाड़ियों के साथ हेल्पर भी मौजूद नहीं होते, जिसके कारण बुजुर्ग महिलाओं और अन्य लोगों को स्वयं कूड़ा उठाकर गाड़ियों तक पहुंचाना पड़ता है। नगर निगम की ओर से निर्धारित सेकेंडरी पॉइंट्स पर लंबे समय तक कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। एजेंसी इन स्थानों की जिम्मेदारी दूसरे विभागों पर डालकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### लगातार मिल रही हैं शिकायतें

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने भी माना कि शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायतें लगातार मिल रही हैं। कई कॉलोनियों में गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच रही हैं और कई गाड़ियों के साथ हेल्पर भी नहीं होते। इससे विशेष रूप से बुजुर्ग महिलाओं को कूड़ा डालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों पर लगे स्पीकर भी या तो खराब हैं या उनका इस्तेमाल नहीं किया जाता। इससे लोगों को गाड़ी आने की जानकारी नहीं मिल पाती। वहीं आरएफआईडी टैग स्कैन होने के बावजूद कई घरों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा, जिससे आम नागरिकों में भारी रोष है।

## नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की बैठक में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

# पुराना कचरा होगा खत्म, बनेगी स्मार्ट रोड 21 करोड़ की चार परियोजनाओं को मंजूरी

1 **8.98** करोड़: एनजीएल क्षेत्र में पुराने कचरे के निस्तारण के लिए होगी बायोरेमेडिएशन

2 **2.38** करोड़ : सेक्टर-1 व 2 के बीच स्मार्ट रोड के रूप में विकसित होगी 30 मीटर चौड़ी सड़क

3 **1.55** करोड़ : शहर में की जाएगी एलईडी स्ट्रीट लाइटों की सप्लाई और स्थापना।

4 **8.44** करोड़ : गोशाला के संचालन और रखरखाव कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (एफ एंड सीसी) की बैठक वीरवार को कैनाल रेस्ट हाउस में निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार और मेयर राम अवतार वाल्मीकि की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर के विकास, सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े चार महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा की गई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बैठक में सबसे पहले एनजीएल के नीचे वर्षों से पड़े पुराने कचरे के निस्तारण के लिए करीब 8.98 करोड़ रुपये की बायोरेमेडिएशन परियोजना को स्वीकृति दी गई। अधिकारियों के अनुसार इससे पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान होगा और प्रदूषण में कमी आएगी।

इसके अलावा सेक्टर-1 और सेक्टर-2 के बीच 30 मीटर चौड़ी डिवाइडिंग रोड को स्मार्ट रोड के रूप में विकसित करने के लिए 2.38 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ क्षेत्र में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक में विभिन्न क्षमता की एलईडी स्ट्रीट लाइटों की सप्लाई और स्थापना के लिए 1.55 करोड़ रुपये की योजना को भी हरी झंडी दी गई। इससे शहर की सड़कों और कॉलोनियों में रोशनी बढ़ेगी तथा बिजली की बचत होगी।

वहीं गोशाला के संचालन एवं रखरखाव के लिए 8.44 करोड़ रुपये के ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि इससे पशुओं की देखभाल और अन्य व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

### जल्द शुरू होगा काम



योजनाओं पर जल्द कार्य होगा शुरू बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं पर जल्द कार्य शुरू किया जाए ताकि शहरवासियों को विकास कार्यों का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में निगम के संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अभियंता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। नगर निगम की इस बैठक को शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। **-नरेंद्र कुमार**, निगम कमिश्नर

## खेत से लौट रहे युवक को रॉड व डंडों से पीटा

**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने गांव रिठाल फोगाट निवासी एक युवक की शिकायत पर गांव के ही कुछ युवकों के खिलाफ रास्ता रोककर हमला करने, जान से मारने की धमकी देने और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस को दी शिकायत में राजू पुत्र जयकिशन निवासी गांव रिठाल फोगाट ने बताया कि वह अपने खेत से काम समाप्त कर घर लौट रहा था। जब वह गांव की श्मशान भूमि के पास पहुंचा तो एक कार में सवार कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार वाहन में गांव के ही रॉकी, सोमबीर पुत्र कृष्ण और दो-तीन अन्य युवक मौजूद थे। आरोप है कि गाड़ी रुकते ही सभी युवक नीचे उतर आए और लोहे की रॉड तथा डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उसे गंभीर चोट पहुंचाने की नीयत से मारपीट की। राजू ने बताया कि उसके शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। लोगों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर गए। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है।

## विजयनगर में दशकों पुरानी बाग वाली गली बंद करने के खिलाफ प्रदर्शन, झज्जर चुंगी पर जाम

### एक घंटे लगी रही वाहनों की कतार, पुलिस ने पहुंचकर खुलवाया रास्ता



**रोहतक।** विजयनगर स्थित मशहूर बाग वाली गली को बंद किए जाने के विरोध में वीरवार को क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतरकर झज्जर चुंगी क्षेत्र में जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गली करीब 50 वर्ष पुराना सार्वजनिक रास्ता है, जिससे रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। लोगों के अनुसार सरकार द्वारा इस क्षेत्र में वर्षों पहले बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि संबंधित स्थान पर बिना पैमाइश, बिना नगर निगम की अनुमति, बिना नक्शा पास करवाए और बिना विकास शुल्क जमा किए निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### बरसों से इस्तेमाल हो रहा रास्ता


हालांकि जिस जमीन को लेकर विवाद है, उसके मालिक अदालत से केस जीत चुके हैं और कोर्ट के आदेश के अनुसार गली के बीच उनकी जमीन निकलकर आई है। इसके बावजूद लोगों का कहना है कि यह रास्ता दशकों से सार्वजनिक उपयोग में रहा है और इसे बंद करने से आसपास की कॉलोनियों के हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोगों ने कहा कि यह बाहर निकलने का प्रमुख मार्ग है और इसके बंद होने से दैनिक जीवन के साथ रोजगार भी प्रभावित होंगे।

### गली बंद न करें

प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम आयुक्त से मिलकर मांग की कि गली को बंद न होने दिया जाए। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप कर रास्ता खुला रखने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### बुजुर्ग की हालत बिगड़ी

प्रदर्शन के दौरान एक बुजुर्ग की तबीयत अचानक बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुजुर्ग 50 साल पुरानी गली को बंद न होने देने की बात कह रहे थे। तभी उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया। युवा तुरंत उन्हें वाहन में बैठाकर अस्पताल ले गए। उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।




**गुड न्यूज** एमडीयू ने बनाई मोशन सिकनेस की पेटेंटेड च्युइंग गम

# अब सफर में नहीं चकराएगा सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बस, ट्रेन या कार में सफर के दौरान उल्टी, जी मिचलाना और चक्कर आने जैसी समस्याओं से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के वैज्ञानिकों ने मोशन सिकनेस से बचाव के लिए एक विशेष मेडिकेटेड च्युइंग गम विकसित की है। इस नवाचार को भारतीय पेटेंट कार्यालय से पेटेंट भी प्राप्त हो गया है।

यह पेटेंट विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत मित्तल और विभाग की पूर्व शोधार्थी डॉ. प्रेरणा कौशिक के संयुक्त शोध कार्य को मिला है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह तकनीक विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी होगी, जो यात्रा के दौरान दवाओं के कड़वे स्वाद या पारंपरिक टैबलेट और सिरप के दुष्प्रभावों के कारण दवा लेने से बचते हैं।

### कुलपति को सौंपा पेटेंट और स्वीकृति पत्र



शोधकर्ताओं ने एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया और कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल को पेटेंट स्वीकृति पत्र सौंपा। कुलपति ने इस उपलब्धि पर शोध टीम को बधाई देते हुए समाजोपयोगी शोध और नवाचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### हर वर्ग के लिए उपयोगी

शोध टीम के मुताबिक यह तकनीक उन मरीजों के लिए भी लाभदायक होगी जिन्हें दवा निगलने में कठिनाई होती है। स्वाद छिपाने की आधुनिक तकनीक तथा प्राकृतिक गम बेस के उपयोग से इसे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में यह पेटेंटेड उत्पाद बड़े स्तर पर व्यावसायिक रूप से विकसित होकर यात्रियों और मरीजों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है।

### बिना पानी के कभी भी कर सकेंगे उपयोग, तेजी से होता है असर

वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में मोशन सिकनेस से पीड़ित लोगों को मौखिक दवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। इन दवाओं के सेवन से कई बार मतली, उल्टी, मुंह सूखना, चक्कर आना और दवा का असर देर से शुरू होने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। नई मेडिकेटेड च्युइंग गम इन चुनौतियों का समाधान प्रदान करती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि इस च्युइंग गम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे लेने के लिए पानी की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री सफर के दौरान किसी भी समय और किसी भी स्थान पर इसका आसानी से उपयोग कर सकेंगे। च्युइंग गम चबाने की प्रक्रिया स्वयं भी मतली और चक्कर की समस्या को कम करने में सहायक मानी जाती है। उन्होंने बताया कि गम में मौजूद दवा मुंह की झिल्ली के माध्यम से सीधे शरीर में अवशोषित होती है। इससे दवा का असर तेजी से शुरू होता है और उसे पेट से होकर गुजरने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यही कारण है कि यह पारंपरिक दवाओं की तुलना में अधिक प्रभावी साबित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### बीकेएन स्कूल के पास से बिजली लाइन की तार चोरी

**महम।** लाखन माजरा और महम क्षेत्र में बिजली की लाइनों से तार चोरी होने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इस इलाके में बिजली के कंडक्टर चोरी करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। पुलिस द्वारा इस गिरोह को काबू नहीं किया जा सका है। एक बार फिर बिजली लाइन की तार चोरी की वारदात सामने आई है।

### चुलियाणा मोड़ से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**सांपला।** चुलियाणा मोड़ के पास बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुलहेड़ा निवासी रामकुमार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता रामकुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बाइक पर रोहतक से अपने गांव दुलहेड़ा लौट रहा था। रास्ते में चुलियाणा मोड़ के पास उसने कुछ देर के लिए बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और पेशाब करने चला गया। जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब मिली।

### सरकारी स्कूल की विज्ञान प्रयोगशाला में चोरी

**महम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में चोरी की वारदात सामने आई है। इस संबंध में स्कूल के प्रिंसिपल अनुज मलिक ने बहु अकबरपुर थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्राचार्य अनुज मलिक ने बताया कि उसके विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला में चोरी हो गई है। अज्ञात व्यक्तियों ने लैब के पीछे के जंगल की ओर तोड़फोड़ की है और अनाधिकृत रूप से लैब में प्रवेश करके वैज्ञानिक उपकरणों एवं अन्य सामान चोरी कर लिया।

### अवैध शराब बेचते युवक को दबोचा, शराब बरामद

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 54 क्वार्टर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विवेक पुत्र सतपाल निवासी विजय नगर के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को रंगे हाथों काबू कर लिया।

### पति पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप

**रोहतक।** सदर थाना पुलिस ने गांव पटवापुर निवासी एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, गाली-गलौज तथा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुम हुआ महिला का पर्स पुलिस ने लौटाया

**रोहतक।** किला रोड क्षेत्र में खरीदारी के दौरान एक महिला का नगदी, मोबाइल फोन, आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा पर्स गुम हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पर्स को तलाश कर महिला को सकुशल लौटा दिया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 4 जून को बेरी निवासी एक महिला किला रोड पर खरीदारी करने आई हुई थी। इसी दौरान उसका पर्स कहीं गुम हो गया। पर्स में नगदी, मोबाइल फोन, आभूषण तथा अन्य निजी कागजात मौजूद थे।

### बैंसी गांव से गाय को चोरी करके ले जाते तीन काबू

**लाखन माजरा।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव बैंसी में एक पशुपालक की गाय को चोरी करके ले जाते हुए तीन युवकों को ग्रामीणों ने काबू कर लिया। बाद में तीनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में बैंसी गांव निवासी पशुपालक गणेश पुत्र देवी दयाल ने बताया कि वह खेती बाड़ी व पशुपालन का काम करता है। उसके पास एक गाय है। उसके घर पर चिनाई का काम चल रहा है। गाय को घर पर लाने के लिए जोहड़ पर गया तो उसकी गाय को तीन व्यक्ति एक पिक अप गाड़ी में जबरदस्ती चढ़ाकर ले जा रहे थे।

# अब कुत्ते-बंदर पकड़ने का जिम्मा गोशालाओं को

- गोसेवा आयोग को योजना सिरे चढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी
- बंदर और कुत्ता पकड़ने के भी रेट किए गए

राज कुमार नरवाल ▸▸| महम

हरिभूमि सरोकार

हरियाणा में अब नगर निगम, नगर परिषद् व नगर पालिकाएं बंदर पकड़ने का टेंडर नहीं लगा सकेंगी। क्योंकि प्रदेश सरकार ने इन संस्थाओं से यह काम छीनकर गो सेवा आयोग को सौंप दिया है। बंदरों के अलावा कुत्ते पकड़ने का काम भी अब गोशालाओं को सौंपा दिया है। 30 अप्रैल से पहले जिन नगर निकाय संस्थाओं ने बंदर व कुत्ते पकड़ने के टेंडर लगाए थे। वे ही केवल उस टेंडर को पूरा करने का काम कर सकेंगी। प्रदेश सरकार ने सख्त आदेश दिए हैं कि 30 अप्रैल के बाद नगर निकाय संस्थाएं इस काम के लिए टेंडर जारी नहीं करेंगी। यह काम अब गोशालाओं को सौंप दिया गया है।



महम। बंदरों के पकड़ने के मुद्दे पर आयोजित बैठक में भाग लेते नपा सचिव नवीन नांदल, पार्षद व नपा कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सभी निकाय संस्थाओं को पत्र जारी

1 अप्रैल को मुख्यमंत्री ने बैठक में यह निर्णय लिया कि गोशालाओं में अब गायों, बछड़ों और नंदियों के साथ-साथ बंदरों व कुत्तों की भी सेवा की जाएगी या उन्हें अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सभी निकाय संस्थाओं को पत्र जारी किया है। पत्र में गोसेवा आयोग गोशालाओं के माध्यम से यह कार्य करवाएगा तथा इसके लिए दरें भी तय की गई हैं।

## ▸▸| कमेटियों को गायों, बछड़ों और नंदियों के साथ साथ अब बंदर और कुत्तों की भी करनी होगी सेवा

### बंदर के लिए 600 व कुत्ते के लिए 800रुपये मिलेंगे

गोशालाओं को एक बंदर पकड़ने के लिए 600 रुपये और कुत्ते को पकड़ने, नसबंदी व पुनर्वास/स्थानांतरण के लिए 800 रुपये मिलेंगे। एक वर्ष से अधिक आयु के नर मवेशी (बैल) को पकड़ने या स्थानांतरित करने पर 800 रुपये तथा मादा गाय के लिए 600 रुपये दिए जाएंगे। एक वर्ष तक के बछड़ों को पकड़ने के लिए 300 रुपये का भुगतान निर्धारित किया गया है। सरकार ने इन सभी कार्यों के लिए दरें तय कर दी हैं।

### महम में काम अधर में लटका

नगर पालिका महम द्वारा यह आदेश जारी होने से पहले ही बंदर पकड़ने का टेंडर जारी कर रखा था। बंदर पकड़ने वाली टीम ने काम बीच में रोक रखा था। कई पार्षद इस संबंध में नगर पालिका सचिव नवीन नांदल से मिले और बंदर पकड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदर लोगों को काट रहे हैं। सचिव ने इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों निर्देश दिए कि वे शहर में बाकि बचे हुए बंदरों को भी पकड़ने लिए फिर से अभियान चलाएं। साथ ही सचिव ने बताया कि नपा का बंदर पकड़ने का यह आखिरी टेंडर है। इसके बाद वे यह टेंडर जारी नहीं कर सकेंगे। बंदरों के संबंध में हुई बैठक में नर पालिका सचिव नवीन नांदल, उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, पूर्व प्रधान फतेह सिंह व पार्षद अनिल चावरिया समेत कई नपा कर्मचारी मौजूद थे।

### मवेशियों की टैगिंग करके की जाएगी निगरानी

आवारा पशुओं की सही गिनती सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने टैगिंग और फोटो आधारित निगरानी प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया है, ताकि एक ही पशु की दोबारा गिनती न हो सके। गोसेवा आयोग को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। आवारा पशु, बंदर और कुत्तों को पकड़ने व स्थानांतरित करने के दौरान पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 का पालन अनिवार्य होगा। भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग को सौंपी गई है।

# एमडीयू की जमीन पर कोर्ट और लघु सचिवालय का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

## *प्रशासन सुनारियां में तलाश रहा जमीन, भैयापुर पंचायत का प्रस्ताव भी लंबित*

- शहर से दूर बनने पर आमजन की बढ़ सकती हैं मुश्किलें
- डेढ़ महीने से जमीन की उपलब्धता को लेकर हो रहा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की जमीन पर नए न्यायालय परिसर और लघु सचिवालय के निर्माण की योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है। विश्वविद्यालय कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों के विरोध के बाद प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने के बजाय अब सुनारिया जेल परिसर के आसपास उपलब्ध भूमि पर नजरें टिकाई हैं। पिछले करीब डेढ़ महीने से प्रशासनिक स्तर पर इस क्षेत्र में जमीन की उपलब्धता और संभावनाओं को लेकर मंथन चल रहा है।

### सुविधाओं को लेकर उठ रहे सवाल

सूत्रों के अनुसार सुनारियां गांव के रकबे में एक मंदिर के आसपास दर्जनों एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिस पर न्यायालय परिसर और लघु सचिवालय बनाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन प्रशासन के स्तर पर इस विकल्प को गंभीरता से देखा जा रहा है। यदि दोनों महत्वपूर्ण सरकारी परिसरों का निर्माण सुनारिया क्षेत्र में किया जाता है तो आम लोगों की सुविधाओं को लेकर कई सवाल खड़े हो सकते हैं। यह क्षेत्र शहर की मौजूदा प्रशासनिक गतिविधियों के केंद्र से काफी दूरी पर माना जाता है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित आऊटर रिंग रोड से भी यह जमीन बाहर के क्षेत्र में आती है। ऐसे में जिले के दूर-दराज गांवों और शहर के नागरिकों को न्यायालय और प्रशासनिक कार्यों के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ सकती है।

### प्रस्ताव पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं

गौरतलब है कि कुछ समय पहले एमडीयू परिसर की जमीन पर न्यायालय भवन बनाने का प्रस्ताव सामने आया था। इस प्रस्ताव का विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन ने कड़ा विरोध किया था। यूनियन का कहना था कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य के विस्तार को देखते हुए उसकी भूमि को अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग में नहीं लाया जाना चाहिए। विरोध के बाद यह प्रस्ताव विवादों में घिर गया और फिलहाल उस पर आगे कोई प्रगति नहीं हुई। इसी बीच भैयापुर ग्राम पंचायत ने प्रशासन को बाईपास से सटी अपनी पंचायती जमीन न्यायालय परिसर के लिए उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था। पंचायत का दावा था कि यह स्थान शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों के लोगों के लिए सुविधाजनक रहेगा। हालांकि प्रशासन की ओर से इस प्रस्ताव पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### वर्तमान स्थल सुगम, सुनारियां स्थानांतरण होने से बढ़ सकती हैं मुश्किलें

वर्तमान में न्यायालय परिसर और लघु सचिवालय शहर के अपेक्षाकृत सुगम हिस्से में स्थित हैं, जहां तक सार्वजनिक और निजी परिवहन से आसानी से पहुंचा जा सकता है। लेकिन सुनारियां में स्थानांतरण होने पर परिवहन व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और कनेक्टिविटी को लेकर नई चुनौतियां सामने आ सकती हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को समय और आर्थिक दोनों स्तर पर अतिरिक्त बोझ झेलना पड़ सकता है।

### शहर के विकास और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बोहर क्षेत्र भी उपयुक्त विकल्प

शहर के विकास और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बोहर क्षेत्र को भी उपयुक्त विकल्प माना जा रहा है। आईएमटी रोड और गांव गढ़ी बोहर के बीच काफी खाली भूमि उपलब्ध है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह क्षेत्र शहर के विभिन्न हिस्सों से बेहतर तरीके से जुड़ा हुआ है और यहां भविष्य में विस्तार की भी पर्याप्त संभावनाएं हैं। फिलहाल प्रशासन विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहा है। सुनारिया की दर्जनों एकड़ जमीन चर्चा के केंद्र में जरूर है, लेकिन अंतिम निर्णय से पहले अन्य संभावित स्थलों का भी मूल्यांकन किया जा सकता है। अब नजर इस बात पर है कि प्रशासन भूमि की उपलब्धता को प्राथमिकता देता है या फिर आम जनता की सुविधा और शहर की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फैसला करता है।

### देर रात सड़कों पर उतरी पुलिस, नाके लगाकर चलाया चेकिंग अभियान



**रोहतक।** शहर में कानून व्यवस्था मजबूत रखने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर नाके लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए, वहीं लोगों को सीट बेल्ट लगाने और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक भी किया गया। पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण और अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की। जिन वाहन चालकों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी या अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन किया था, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान करीब एक लाख रुपये के चालान किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कई वाहन चालक बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाते मिले, जबकि कुछ चालक मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चला रहे थे। ऐसे लोगों के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को समझाया कि सीट बेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। सड़क दुर्घटना के दौरान सीट बेल्ट गंभीर चोटों और जानमाल के नुकसान को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अधिकारियों ने लोगों से शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों का सम्मान करने की अपील की।पुलिस का कहना है कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### नवनिर्वाचित चेयरमैन व पार्षदों ने ली शपथ



*सांपला। नगरपालिका सांपला के नवनिर्वाचित चेयरमैन प्रवीन कोच एवं सभी पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को नगरपालिका परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार में मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा उपस्थित रहे, जबकि एडीसी नरेंद्र कुमार ने चेयरमैन और पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए सभी वादों को अगले पांच वर्षों में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। जनता ने विकास और जनसेवा के प्रति समर्पित नेतृत्व को चुना है, इसलिए जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। समारोह के दौरान मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने चेयरमैन प्रवीन कोच को पदभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, संचित नांदल, उदयभान मलिक, कपिल खत्री, अंकिता पवार, पंकज जून सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।*

### नवनियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेन्द्र का शिक्षक संघ ने किया स्वागत



**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, रोहतक के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान रामराज कादियान के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) बिजेन्द्र हुड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने उन्हें पौधा भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संघ के राज्य उपप्रधान ललित कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान संदीप दहिया, उपप्रधान बिजेंद्र बाहमनिया और रामचंद्र मलिक ने डीईईओ के इस कर्मचारी-हितैषी दृष्टिकोण का स्वागत किया। इस अवसर पर कलानौर ब्लॉक प्रधान हरिओम, रोहतक ब्लॉक प्रधान मनोज हुड्डा, सांपला ब्लॉक प्रधान विजय, उपप्रधान अशोक व धर्मवीर सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से मोबाइल टॉवर में लगी आग

**रोहतक।** इंद्र कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक मोबाइल टावर में अचानक आग लग गई। टावर से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग और बिजली निगम को दी गई, जिसके बाद आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय टावर से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ। देखते ही देखते आग ने टावर के उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मामले की जानकारी संबंधित विभागों को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया



करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग की वजह से टावर में लगे कई उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे संबंधित मोबाइल नेटवर्क सेवाओं पर भी कुछ समय के लिए असर पड़ा। तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के मकानों को भी खतरा हो सकता था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## जर्जर तार बदलने से दिनभर बिजली रही गुल

# बिजली कट से लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली से परेशान लोगों को बृहस्पतिवार को एक और बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा। गोहाना रोड पर बिजली निगम की ओर से जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू किया गया, जिसके चलते शहर के कई हिस्सों में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालात ऐसे रहे कि कुछ क्षेत्रों में करीब छह घंटे तक बिजली गुल रही, जबकि पुराने शहर के कई मोहल्लों में पूरा दिन बिजली नहीं पहुंच सकी। गर्मी और उमस के बीच लोगों को घरों, दुकानों और कार्यालयों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली निगम की टीम ने गोहाना रोड क्षेत्र में पुराने और कमजोर हो चुके बिजली तारों को बदलने का अभियान चलाया। निगम अधिकारियों के अनुसार यह कार्य भविष्य में होने वाले फाल्ट और बिजली बाधाओं को कम करने के लिए किया गया। हालांकि इस कार्य के चलते संबंधित फीडरों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी, जिसका असर शहर के कई इलाकों पर पड़ा।



रोहतक। बिजली ठीक करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### तार को बदलने का कार्य किया गया



गोहाना रोड क्षेत्र में पुराने बिजली तारों को बदलने का कार्य किया गया है। सुरक्षा और भविष्य में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य जरूरी था। कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई है। -बिजेंद्र नरवाल,एसई, रोहतक

### पुराने शहर में शाम तक नहीं हुई बाहाल

सबसे अधिक परेशानी पुराने शहर के निवासियों को झेलनी पड़ी। यहां कई मोहल्लों में सुबह से लेकर देर शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। लोगों का कहना था कि पहले से ही लगातार लग रहे बिजली कटों से परेशानी बनी हुई है, ऐसे में पूरे दिन बिजली न मिलने से स्थिति और खराब हो गई। गर्मी के कारण पानी की सप्लाई और घरेलू कार्यों पर भी असर देखने को मिला। कई जगह मोटर नहीं चल पाने से लोगों को पानी भरने में दिक्कत हुई। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी।

## न्यूज डायरी



### भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का कर रहा मजबूती से सामनाः डॉ. अरविंद शर्मा

**रोहतक।** सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के दौर में भी भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया विभिन्न आर्थिक संकटों का सामना कर रही है, लेकिन भारत अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में खड़ा है और लगातार विकास की दिशा में अग्रसर है। डॉ. शर्मा वीरवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया है और भविष्य में भी देशवासी एकजुट होकर सभी चुनौतियों पर विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का प्रत्येक निर्णय राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर लिया जाता है।

### खरकड़ा गांव में शहीद कमांडेंट राजेंद्र सिंह को 25वीं पुण्यतिथि पर याद किया



**महम।** शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा। खरकड़ा गांव के शहीद स्मारक पर भी ऐसा ही नजारा हर साल देखने को मिलता है। गांव में शहीद कमांडेंट राजेंद्र सिंह अहलावत की स्मृति में एक शहीद स्मारक बनाया गया है। वीरवार को राजेंद्र सिंह की 25वीं पुण्यतिथि थी। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शहीद स्थल पर यज्ञ का आयोजन किया गया। शहीद के परिजनों और गांव के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कमांडेंट राजेन्द्र सिंह 4 जून 2001 को कश्मीर के अनंतनाग जिले में ऑपरेशंन विजय के अंतर्गत अपनी बटालियन के साथ सर्च अभियान चला रहे थे, तभी उनको कुछ आतंवादियों के छुपे होने की सूचना मिली।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोमवीर आर्य ने किया। इस मौके पर स्वामी मुक्तिवेश, प्रयास, कुनाल, निधि अहलावत, भूपेंद्र, धर्मेन्द्र, वजीर सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### 250 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम जारी करने के आदेश का किसानों ने किया स्वागत

**रोहतक।** अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने खरीफ 2023 के लगभग 250 करोड़ रुपये के लंबित फसल बीमा क्लेम को जारी करने संबंधी राज्य शिकायत निवारण आयोग के आदेश का स्वागत करते हुए इसे किसानों के लंबे संघर्ष की बड़ी जीत बताया है। किसान सभा ने सरकार से मांग की है कि आदेश के बाद अब बिना देरी किए किसानों के खातों में बीमा राशि जमा करवाई जाए। किसान सभा के राज्य प्रधान बलबीर सिंह और महासचिव सुमित सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि खरीफ 2023 में कपास की फसल को भारी नुकसान हुआ था। प्रभावित किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसलों का बीमा कराया हुआ था, जिसके तहत करीब 350 करोड़ रुपये का क्लेम बनता था। आरोप है कि बीमा कंपनी ने विभिन्न आपत्तियां लगाकर लगभग 250 करोड़ रुपये के क्लेम को रोक दिया।

### मकान पर कब्जे को लेकर विवाद, 11 लोगों पर जानलेवा हमले का केस

**रोहतक।** कलानौर थाना पुलिस ने मकान पर कब्जे के विवाद में एक ही परिवार के 11 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, धमकी, जबरन ताला तोड़ने और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



### कुरुक्षेत्र दुष्कर्म मामले को लेकर जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

**रोहतक।** कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल में नाबालिग लड़की से कथित यौन शोषण के मामले को लेकर जनवादी महिला समिति और विभिन्न संगठनों ने वीरवार को शीला बाईपास पर भाजपा सरकार का पुतला फूंका और जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई तथा मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जगमति सांगवान और राज्य अध्यक्ष सविता ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा ने अस्पताल परिसर में ही दुष्कर्म किया। आरोपी डॉक्टर पर इससे पहले भी वर्ष 2017 में एक महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप लग चुका था, जिसके बावजूद भाजपा सरकार ने उसे सेवानिवृत्ति के बाद अनुबंध आधार पर दोबारा नियुक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से सवाल किया कि दागी पृष्ठभूमि वाले डॉक्टर को दोबारा सरकारी अस्पताल में सेवा विस्तार क्यों दिया गया। जनवादी महिला समिति ने मांग की कि आरोपी डॉक्टर के साथ-साथ उसे नियुक्त करने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# नमो पार्क के विकास कार्यों का शुभारंभ, 78 लाख रुपये से बदलेगी सेक्टर-2 की तस्वीर

- आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा पार्क, बच्चों के लिए लगेंगे नए झूले और गजीबो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सेक्टर-2 स्थित नमो पार्क में वीरवार को 78 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मेयर राम अवतार वाल्मिकी, वार्ड-12 के पार्षद सुशील नांदल तथा अन्य गणमान्य लोगों ने नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान पार्क को आधुनिक सुविधाओं से विकसित करने की योजना की जानकारी भी दी गई। मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने कहा कि शहर के पार्कों को सुंदर और सुविधाजनक बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नमो पार्क में करीब ढाई फीट तक मिट्टी का भराव किया जाएगा, जिससे पार्क का स्तर ऊंचा होगा और बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही पार्क में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के आधुनिक झूले लगाए जाएंगे, ताकि बच्चे सुरक्षित वातावरण में खेल सकें। पार्क में गजीबो, बैठने की विशेष व्यवस्था और अन्य मनोरंजक गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# संक्रामक रोगों व हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अधिकारियों को दिए निर्देश

**रोहतक।** डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक रोगों तथा हीट वेव (लू) की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सिविल सर्जन झज्जर डॉ. मंजू कादयान के मार्गदर्शन में जिला कॉन्फ्रेंस हॉल, नागरिक अस्पताल झज्जर में स्वास्थ्य अधिकारियों और फार्मेसिस्टों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप सिविल सर्जन डॉ. कुलदीप ने की। बैठक में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों, इबोला संक्रमण तथा हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम से संबंधित दवाइयों की उपलब्धता, उनके भंडारण, वितरण व्यवस्था और अन्य संसाधनों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। डॉ. कुलदीप ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आमजन को



बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों और चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में बहादुरगढ़ क्षेत्र के मेडिकल ऑफिसर्स और लैब टेक्नीशियनों की जागरूकता एवं संवेदनशीलता बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में डेंगू, मलेरिया, इबोला संक्रमण और हीट वेव की रोकथाम, पहचान और प्रबंधन संबंधी जानकारी साझा की गई। अधिकारियों को रोगों की समय पर पहचान, रिपोर्टिंग और उपचार व्यवस्था को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# पीजीआईएमएस पहुंची केंद्रीय मूल्यांकन टीम, अटल आरआईओ को राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र बनाने पर जोर

- नेत्र शल्य चिकित्सकों के प्रशिक्षण की तैयारियों का लिया जायजा, आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों की हुई समीक्षा

**रोहतक।** राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्र शल्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने की तैयारियों का आकलन करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तीन सदस्यीय केंद्रीय मूल्यांकन टीम ने गुरुवार को स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान का दौरा किया। टीम ने अटल क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान में उपलब्ध आधारभूत ढांचे, आधुनिक उपकरणों, प्रशिक्षित जनशक्ति, ऑपरेशन थिएटर और प्रशिक्षण सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। अटल आरआईओ के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. चौहान ने बताया कि केंद्रीय टीम में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन नई दिल्ली से कार्यक्रम प्रभारी एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी.



अपर्णा, कंसल्टेंट मेडिकल डॉ. सुरभि यादव और डॉ. दीपशिखा शामिल थीं। टीम का मुख्य उद्देश्य यह मूल्यांकन करना था कि अटल आरआईओ रोहतक राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत नेत्र शल्य चिकित्सकों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण देने में कितना सक्षम है तथा भविष्य में यहां प्रशिक्षण सुविधाओं को किस प्रकार और मजबूत किया जा सकता है। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने इस दौरे को संस्थान के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि अटल आरआईओ को राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए हर संभव प्रशासनिक और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### साढ़े पांच एकड़ की अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**रोहतक।** प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए वीरवार को गांव इस्माइला-9बी और गांधरा में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब साढ़े पांच एकड़ क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों को किसी भी सूरत में विकसित नहीं होने दिया जाएगा तथा ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### भालौठ में स्वच्छता के लिए श्रमदान का संदेश

**रोहतक।** स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत बुधवार को ग्राम भालौठ में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत भालौट के सरपंच ने ग्रामीणों से स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया।

## समाधान शिविर में पहुंचा मामला, हसनगढ़ के दीपक ने घर में जलाया एक बल्ब

# सूने घर का बिजली निगम ने थमा दिया 56 हजार रुपये का बिल

### दर्जनों फरियादी पहुंचे, वर्षों पुरानी समस्याओं का नहीं निकला समाधान; अधिकारियों के दावों पर उठे सवाल

- समाधान शिविर बना शिकायतों का अड्डा, अफसरों की लापरवाही से पेंशन, पानी और रास्तों को तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार के समाधान शिविर आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा करने के लिए शुरू किए गए थे, लेकिन गुरुवार को आयोजित शिविर में पहुंची शिकायतों ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी। पेंशन से लेकर सिंचाई विभाग की शिकायत दर्ज की गई।

नाम की त्रुटि और खेतों के रास्तों तक, अधिकांश शिकायतें ऐसी थीं जो महीनों और वर्षों से विभागों के चक्कर काटने के बावजूद हल नहीं हो सकीं। इससे साफ है कि संबंधित विभाग समय पर कार्रवाई करने में नाकाम रहे हैं और लोगों को मजबूर होकर समाधान शिविर का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है।



रोहतक। समाधान शिविर में शिकायत सुनती एक अधिकारी।

### कई बार लगा चुके निगम के चक्कर



बिजली बिल को लेकर तो गांव हसनगढ़ के दीपक की शिकायत ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इनका कहना था कि उनके पुराने मकान में कभी-कभार एक-दो बल्ब ही जलते हैं, लेकिन निगम ने उन्हें 56 हजार रुपये का भारी-भरकम बिजली बिल थमा दिया। हैरानी की बात यह है कि बिल की त्रुटि सुधारने के लिए वह कई बार निगम कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, मगर हर बार उन्हें नया बहाना सुनने को मिलता है। कभी मीटर खराब बताया जाता है तो कभी कोई और तकनीकी कारण गिना दिया जाता है, लेकिन समाधान आज तक नहीं हुआ। दीपक ने आरोप लगाया कि समस्या सुनने के बजाय कई अधिकारी रूखा व्यवहार करते हैं।

### विकलांग पेंशन और जलापूर्ति मुद्दा उठा



गांव दत्तौड़ के सत्यनारायण ने बताया कि वह विकलांग पेंशन बनवाने के लिए तीन बार समाज कल्याण विभाग के कार्यालय जा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी पेंशन शुरू नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। गांव कुताना की शुकंतला ने शिकायत दी कि साथी किसान उनकी जमीन में पेयजल पाइपलाइन नहीं दबाने दे रहे हैं। इससे उन्हें पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### जमीन संबंधी कार्यों को लेकर काट रहे चक्कर



रोहतक निवासी सुनीता ने बताया कि सरकारी दस्तावेजों में उनका नाम गलत दर्ज होकर सुमन लिखा गया है। इस त्रुटि के कारण उनके जमीन संबंधी कार्य अटके हुए हैं और उन्हें लगातार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गांव निंदाना के रामकुमार, जयपाल सहित अन्य किसानों ने बताया कि उनके खेतों तक सिंचाई का नहरी खाल बंद पड़ा है। इससे करीब 40 एकड़ भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंच गई है।

### प्रत्येक शिकायत की मॉनिटरिंग की जा रही

डीसी सचिन गुप्ता ने मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मामलों की जांच कर निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन का कहना है कि प्रत्येक शिकायत की मॉनिटरिंग की जा रही है और पात्र मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश विभागाध्यक्षों को दिए गए हैं।

### महम और सांपला में लगे समाधान शिविर

ध्यान रहे कि जिला मुख्यालय के अलावा सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर आयोजित किए गए, जहां अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### एच.एम. स्कूल में हुआ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रोहतक।** हरिकिशन मैमोरियल (एच.एम.) पब्लिक स्कूल में पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) के दिशा-निर्देशों एवं आधुनिक शिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को सुदृढ़ बनाना तथा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और विद्यार्थी-केंद्रित बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक एवं सहभागितापूर्ण सत्र आयोजित किए गए। प्रमुख स्रोत व्यक्ति श्री नरेश बल्हारा ने शिक्षकों के साथ स्ट्रिंग आर्ट, नेतृत्व (लीडरशिप) गुणों के विकास, मोटर स्किल्स तथा रचनात्मक गतिविधियों पर अत्यंत प्रभावशाली कार्य किया।

### एमडीयू समर कैंप में बच्चे भर रहे जिंदगी के रंग



**रोहतक।** गर्मी की छुट्टियों को यादगार और रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फैकल्टी क्लब द्वारा संचालित समर कैंप में यूनिवर्सिटी कैंपस के बच्चे खेल-खेल में नई स्किल्स सीखते हुए जिंदगी के रंग भर रहे हैं। कैंप में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है, जहां वे मनोरंजन के साथ रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। फैकल्टी क्लब की अध्यक्ष प्रो. सीमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस समर कैंप में बच्चों की प्रतिभा को निखारने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कैंप में पेंटिंग, ड्राइंग, म्यूजिक, योग, स्पोर्ट्स, क्राफ्ट, कहानी-कथन और व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियों के जरिए बच्चों की रचनात्मक क्षमता को नई दिशा दी जा रही है।

### कुलपति ने यूआईईटी के शिक्षकों व शोधार्थियों से किया संवाद

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने वीरवार को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) का दौरा कर शिक्षकों और शोधार्थियों से संवाद किया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के क्षमता संवर्धन पर विशेष बल देते हुए इस परिपेक्ष्य में यूआईईटी द्वारा प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के दिशा-निर्देश दिए। विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक तथा प्रौद्योगिकी का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने पर फोकस करते हुए कुलपति ने उनको उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने की की बात कही। उन्होंने स्टूडेंट सेंट्रिक सेमिनार और वर्कशॉप नियमित रूप से आयोजित करवाने पर बल दिया।

### ब्लॉक योग प्रतियोगिता के परिणामों पर उठे सवाल

**रोहतक।** सर छोटूराम स्टेडियम में 2 जून को आयोजित ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता के परिणामों और जजमेंट प्रक्रिया को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रतिभागियों और अभिभावकों ने प्रतियोगिता में पक्षपात और गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को शिकायत सौंपी है और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर उन प्रशिक्षकों को जजमेंट की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिनके खुद के विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे। इसके अलावा, स्कोर शीट की टोटलिंग में लापरवाही, परिणामों में बार-बार बदलाव करने और अधिकृत अधिकारियों की जगह बाहरी व्यक्तियों से परिणाम तैयार करवाने के भी आरोप हैं।

### वार्ड 8 और 14 में चला विशेष सफाई अभियान

**रोहतक।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक द्वारा वार्ड नंबर 8 और 14 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में वार्ड सदस्य अंजू सैनी और कंचन खुराना के साथ नगर निगम के अधिकारी, सफाई निरीक्षक, सफाई कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान वार्डों की प्रमुख सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों और खाली पड़े प्लाटों में फैले कूड़े-कचरे को हटाया गया। सफाई कार्य को प्रभावी बनाने के लिए निगम द्वारा अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली, जेसीबी और अन्य मशीनरी का उपयोग किया गया।

### चीन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सुपवा के दो विद्यार्थी



**रोहतक।** दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (सुपवा) के लिए यह गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय के फिल्म एवं दूरदर्शन संकाय के दो विद्यार्थियों शिवम पांडे और शशांक बरुआ का चयन चीन की प्रतिष्ठित शंघाई नाट्य अकादमी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम 5 जून से 25 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें दोनों विद्यार्थी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों के साथ सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान में भाग लेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग के 15 स्वास्थ्य निरीक्षक बने जिला स्वास्थ्य निरीक्षक

**रोहतक।** हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के 15 स्वास्थ्य निरीक्षकों को पदोन्नति देकर जिला स्वास्थ्य निरीक्षक नियुक्त किया है। इस संबंध में महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. मनीष बंसल द्वारा प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार अब ये सभी अधिकारी जिला मुख्यालयों पर जिला स्वास्थ्य निरीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

**NOTICE**

I, Nisha W/o Ajit R/o Sanghi (83), Rohtak, Haryana -124303 declare that I have changed the name of my minor son from Mank Age 13 years to Mayank Hooda for all future purposes.

**सूचना**

मैं, रमेश कुमार पुत्र श्री चन्द्रभान निवासी मकान नंबर-786, मिठान पाना, वार्ड नंबर-9, सांपला, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र योगेश व पुत्रवधु नर्मता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में निशा ने पहला स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सर छोटू राम स्टेडियम, रोहतक में खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग लड़कियों में निशा ने प्रथम, सोनाक्षी ने द्वितीय तथा शिखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग लड़कों में मानव प्रथम, अभिनव द्वितीय तथा सत्यम कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी अनूप कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला योगासन संगठन के सचिव एवं प्रतियोगिता के कन्वीनर राकेश बुधवार ने बताया कि प्रतियोगिता में रोहतक ब्लॉक के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। खिलाड़ियों ने अपने अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं योग कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग पुरुष वर्ग में दीपांशु ने प्रथम, सुमित सुहाग ने द्वितीय तथा पूना राम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग महिला वर्ग में काफी प्रथम, संगीता द्वितीय तथा सांची तृतीय स्थान पर रहीं।

# श्रीमद्भागवत कथा के चोथे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रोहतक।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ओल्ड आईटीआई ग्राउंड स्थित शहीद मदन लाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा स्थल पर भगवान श्री राधा-कृष्ण के जयघोष, भजन-कीर्तन और संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते दिखाई दिए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि 1 जून से 7 जून 2026 तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित हो रही इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा व्यास पूज्य डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथाओं का रसपान करवाते हुए भगवान की दिव्य लीलाओं, भक्ति की महिमा तथा सत्संग के महत्व पर



विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को आध्यात्मिक उन्नति, नैतिक मूल्यों और सेवा भाव की ओर प्रेरित करती है। इस अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से दिव्यांगजन सेवा एवं समाजसेवा का संदेश भी श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया। संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए लोगों से सेवा कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया गया।

### डिग्री नहीं, व्यक्तित्व निर्माण भी करें महाविद्यालयः उपायुक्त गुप्ता

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालयों की भूमिका केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे उनका समग्र व्यक्तित्व विकास हो और वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों को वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें प्रत्येक कक्षा के लिए शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों पर विशेष बल दिया।

**CSC CENTRE**
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## एमडीयू में दाखिले का मौका, खुलेंगे रोजगार के नए द्वार

# एमएससी जूलॉजी से बनें साइंटिस्ट, बायोलॉजिस्ट व रिसर्च एक्सपर्ट

- 10 जून तक कर सकेंगे आवेदन, 40 सीटों पर होंगे दाखिले
- जैव विविधता और विज्ञान में करियर का सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंड गाइड

जीव विज्ञान, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का जूलॉजी विभाग सुनहरा अवसर लेकर आया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमएससी जूलॉजी (एनईपी-2020) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को शोध आधारित शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल भी प्रदान करेगा। कोर्स पूरा करने के बाद विद्यार्थी रिसर्च, वाइल्डलाइफ, पर्यावरण प्रबंधन, हेल्थ साइंस, बायोटेक्नोलॉजी और शिक्षण जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। यह कोर्स विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि रोजगारपरक और शोध आधारित कौशल भी प्रदान करेगा।

### प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को



जूलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि एमएससी जूलॉजी दो वर्षीय नियमित (चार सेमेस्टर) पाठ्यक्रम है, जिसमें 40 सीटें उपलब्ध हैं। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है, जबकि प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित होगी। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को बहु-विषयक शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और रिसर्च आधारित अध्ययन का अवसर मिलेगा।

### व्यावसायिक एक्सपोजर मिलेगा

विभाग में आधुनिक प्रयोगशालाएं, बायोसेफ्टी लैब, उन्नत वैज्ञानिक उपकरण और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक और व्यावसायिक एक्सपोजर मिलता है। आज के समय में जूलॉजी केवल जीव-जंतुओं के अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हेल्थ साइंस, बायो टेक्नोलॉजी, एनवायरमेंट मैनेजमेंट, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन और फॉरेंसिक साइंस जैसे क्षेत्रों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

### आधुनिक शोध के मौके मिलेंगे

विभाग में विद्यार्थियों को मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स, एनिमल बिहेवियर, पैथोलॉजी, टॉक्सिकोलॉजी, वर्मीटेक्नोलॉजी, एनिमल बायोकेमिस्ट्री, नैनो टेक्नोलॉजी एवं बायोसेंसर, जीनो टॉक्सिसिटी और टैक्सोनॉमी जैसे अत्याधुनिक शोध क्षेत्रों में अध्ययन और रिसर्च का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी रिसर्च साइंटिस्ट, जूलॉजिस्ट, वाइल्डलाइफ बायोलॉजिस्ट, एनवायरमेंट कंसल्टेंट, लेबोरेटरी एनालिस्ट, हेल्थकेयर रिसर्चर, टीचर, असिस्टेंट प्रोफेसर और साइंटिफिक ऑफिसर के रूप में करियर बना सकते हैं। इसके अलावा पीएचडी और उच्च शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों में भी अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP
6% OFF
UPTO
80% OFF
Summer Sale
04 June to 18 June
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
SANTOOR
GENTLE HAND WASH
CLASSIC
675 ML
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ROHTAK
BAHADURGARH
JHAJJAR
SAMPLA
GOHANA
KARNAL
HISAR
SONIPAT
BHIWANI
BUY 1 GET 1 FREE
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR
CHIPS
AMUL TOMATO KETCHUP
GM POHA CLASSIC (500G)
MCCAIN 1.2KG
BREGANO PASTA ALL VARIANTS
XCITE NOODLES ( 330 g)
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
NISHA NAMKEEN
SATMOLA NAMKEEN
MULBERRY MUFFINWALA
DABUR GLUCOSE-D 1KG
YUVAID SHARBAT
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM
CATCH COLD DRINK 1.2LITRE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM
MANGO SIP 1LTR
PRABHAS GHEE
KHADI INDIA ALL VARIANTS
COLGATE VISIBLE WHITE
PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
COMFORT 2 LTR IMPORTED
CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML
BAJAJ COCONUT OIL PET 600ML/ 300ML
K'TRIQ SELECTED VARIANT
DEHAAT MAKHANA
PRIL LIME GREASE 1.5LTR 750 ML
CHINAR MAT Below MRP- ₹400
TRISHUL 5LTR
IHP PRODUCTS
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN
MANIA JUICE 1.2 LTR
BUY 1 GET 3 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
UPCOMING BRANCHES
Panipat
Sirsa
Rewari
Mohali
Ghaziabad
Sirhind
Jind
Narnaul
Malerkotla
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
paytm
*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.